भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
21.12.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2479 का उत्तर

रानाघाट रेलवे स्टेशन का उन्नयन

2479. श्री जगन्नाथ सरकार:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने 'रेलवे स्टेशनों का व्यापक उन्नयन, अपग्रेडेशन' नामक एक नई योजना शुरू की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त योजना के तहत उन्नयन के लिए रानाघाट रेलवे स्टेशन को चिह्नित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) योजना के तहत पश्चिम बंगाल में कितने रेलवे स्टेशनों का उन्नयन किया जाना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): जी हां। भारतीय रेल में रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास हेतु 'रेलवे स्टेशनों का वृहद अपग्रेडेशन' नाम की योजना शुरू की गई है। अभी तक, इस योजना के अंतर्गत 60 रेलवे स्टेशनों को पुनर्विकास के लिए चिह्नित किया गया है। इस समय, उपरोक्त योजना के अंतर्गत रानाघाट रेलवे स्टेशन को पुनर्विकास के लिए चिह्नित नहीं किया गया है। पश्चिम बंगाल के आसनसोल और न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशनों को उपरोक्त योजना के अंतर्गत पुनर्विकास हेतु चिह्नित किया गया है।

****

s.k